**प्रेस नोट-जनपद सीतापुर**

# अंतर्राज्यीय शराब तस्कर गिरोह का भंडाफोड़:

# हरियाणा/चंडीगढ़ से बिहार जा रही कूट रचित (फर्जी) नंबर प्लेट लगी कार से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, 04 शातिर तस्कर गिरफ्तार

**दिनांक 15.08.2026**

पुलिस अधीक्षक सीतापुर श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद सीतापुर में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवम् बिक्री में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त निर्देशों के अनुपालन के क्रम में दिनांक 14.08.26 को अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी सिधौली श्री विशाल गुप्ता के पर्यवेक्षण में **थाना कमलापुर पुलिस टीम** द्वारा 04 शराब तस्करों 1.रंजीत कुमार पुत्र उमेश सिंह निवासी ग्राम पुरनइयाटोला थाना सय्यारा जिला सीतामढी बिहार 2.रतनेश कुमार सिंह पुत्र टीगन सिंह निवासी ग्राम पचमढिया थाना बथनहा जिला सीतामढी बिहार 3.विक्की कुमार पुत्र हरिनारायण सिंह निवासी जलसी थाना सय्यारा जिला सीतामढी बिहार 4.अजय सिंह पुत्र गूदड सिंह निवासी ग्राम रामनगरा थाना रीगा जिला सीतामढी बिहार को कम्हरिया चौराहा के पास मानपुर रोड से गिरफ्तार किया गया है। जिनसें मौके से कुल 139 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब व परिवहन हेतु प्रयुक्त वैगन आर कार बरामद हुई है। बरामद कार को धारा 207 एमवी एक्ट सीज किया गया है एवम् गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध मु0अ0सं0 194/26 धारा 60/63 आबकारी अधि0 व 318(4) बीएनएस पंजीकृत कर चालान मा.न्यायालय किया जा रहा है।

अभियुक्तों से पूछताछ में ज्ञात हुआ कि वे बिहार में पूर्ण शराबबंदी होने के कारण वे हरियाणा/चंडीगढ़ से सस्ते दामों में शराब खरीदकर बिहार के विभिन्न जनपदों में महंगे दामों पर बेचते हैं। पुलिस एवं टोल टैक्स से बचने तथा पहचान छिपाने के उद्देश्य से वे गाड़ी पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर तस्करी कर रहे थे।

**पंजीकृत अभियोग-** मु0अ0सं0 194/26 धारा 60/63 आबकारी अधि0 व 318(4) बीएनएस थाना कमलापुर जनपद सीतापुर

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण:-**

1. रंजीत कुमार पुत्र उमेश सिंह निवासी ग्राम पुरनइयाटोला थाना सय्यारा जिला सीतामढी बिहार
2. रतनेश कुमार सिंह पुत्र टीगन सिंह निवासी ग्राम पचमढिया थाना बथनहा जिला सीतामढी बिहार
3. विक्की कुमार पुत्र हरिनारायण सिंह निवासी जलसी थाना सय्यारा जिला सीतामढी बिहार

4.अजय सिंह पुत्र गूदड सिंह निवासी ग्राम रामनगरा थाना रीगा जिला सीतामढी बिहार

**बरामदगी का विवरण:-**

1. 999 POWERSTAR FINE RUM की 10 बोतल (प्रत्येक 750 मिली)
2. WAZIR DELUXE WHISKY की 35 बोतल (प्रत्येक 750 मिली)
3. 999 POWERSTAR FINE WHISKY की 94 बोतल (प्रत्येक 750 मिली)
4. एक अदद वैगन आर कार (फर्जी नम्बर प्लेट के साथ)

**पुलिस टीम:**प्र.नि.श्रीमती इतुल चौधरी, उ0नि0 वीरेन्द्र कुमार सरोज, का0 निकित कुमार, का0 कृष्णपाल,का0 शुभम ढाका,का0 अजेन्द्र कुमार,रि0का0 प्रशान्त यादव,रि0का0 प्रशान्त द्वितीय




999


थाना-कमलापुर
जनपद-सीतापुर
सी. यू. जी. मो. 9454404249